# बिहार विधान परिषद्

## 208वां शीतकालीन सत्र

## तारांकित प्रश्न

## 26 नवम्बर, 2024

----

**[स्वास्थ्य - ऊर्जा - संसदीय कार्य - लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण - उद्योग - गन्ना उद्योग - अल्पसंख्यक कल्याण विधि ].**

**कुल प्रश्न 48**

----

### दिव्यांगता जांच हेतु प्रमाण-पत्र

*1 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में अलग- अलग प्रकार के दिव्यांगता जांच हेतु प्रमाण-पत्र निर्गत करने वाले चिकित्सा बोर्ड जैसी सक्षम संस्थाओं की संख्या लगभग दस (10) है, लेकिन पूर्णिया प्रमंडलीय मुख्यालय में ये सुविधा आज तक प्रावधानित नहीं है;

(ख) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है ,तो क्या सरकार लोकहित में पूर्णिया के साथ- साथ पूर्व स्थापित केंद्रों में भी सभी प्रकार की दिव्यांगता जांच हेतु विशेषज्ञ चिकित्सा बोर्ड की सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है,यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

### चयनित स्थान पर चापाकल

*2 **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से जो चापाकल

ग्रामीण इलाकों में लगाए जाते हैं, वे कई बार ऐसे स्थलों पर लगा दिए जाते हैं जहां उनकी आवश्यकता नहीं होती है;

(ख) यदि खंड क का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ग्रामीण इलाकों में वार्ड सदस्यों के द्वारा चयनित स्थान पर चापाकल लगवाने का विचार रखती है ,यदि हा तो कबतक ?

----

## बसौली गांव में नए पावर हाऊस

*3 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है प्रबंधक निदेशक उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड पटना के पत्रांक 2492 दिनांक 06-10-23 निर्देशक,संचालन के पत्रांक 2231 दिनांक 09/10/2023 मोहम्मद नसीम इकबाल निर्देशक परिचालन के पत्रांक 3466 दिनांक 12-10-2023 विद्युत कार्यपालक अभियंता मधुबनी के पत्रांक 1759 दिनांक 26/10/23 प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व शाखा मधुबनी के पत्रांक VIII-34/2023/2434/जि०रा० के दिनांक 07/12/23 जिला पदाधिकारी ,मधुबनी के पत्रांक 161/जि०रा०को० उपरोक्त सभी अधिकारी के पत्राचार में बसौली पावर हाउस के निर्माण हेतु अंचल अधिकारी से जमीन की मांग की गई;

(ख) क्या यह सही है कि उपरोक्त पत्र के आलोक में अंचल अधिकारी रहिका के द्वारा पत्रांक 1713 दिनांक 12/09/2024 से भूमि उप्लब्ध कारवाई गई है जिसकी सूचना कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल मधुबनी के पत्रांक 1848 दिनांक 27/09/2024 के माध्यम से निदेशक परिचालन को इसकी सूचना दे दी गई है;

(ग) क्या यह सही है कि मधुबनी जिले के रहिका प्रखंडर्न्तगत बसौली गांव में पावर हाउस बन जाने से विद्युत ऊर्जा में लॉस, लो वोल्टेज के साथ-साथ लोड सेटिंग की समस्या से भी दूर दराज के पंचायतों को निजात मिल जाएगी ;

(घ) यदि उपरोक्त सभी खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बसौली गांव में राज्य परियोजना से अभिलंब स्वीकृत करवा कर निर्माण कार्य करवाना चाहती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## कारा अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण दवा की आपूर्ति

*4 **श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से बी.एम.आई.सी.एल. द्वारा एक्सपाईरी पीरियड नजदीक होने वाली दवाओं की आपूर्ति बिहार के विभिन्न काराओं में

अवस्थित अस्पतालों में की जाती है ;

(ख) क्या यह सही है कि गुणवत्ता एवं एक्सपाईरी पीरियड का ध्यान रखे बिना बंदियों को दवा दे दी जा रही है, जो जानलेवा, खतरनाक एवं अमानवीय है ;

(ग) क्या यह सही है कि विभिन्न काराओं में दवाओं के उचित रख-रखाव, भंडारण एवं पंजीकृत व्यवस्था को जान-बूझकर खत्म कर दिया जाता है ताकि जेलबंदियों के लिए दवा की कालाबाजारी चलती रहे ;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं ,तो क्या सरकार विभिन्न काराओं के बंदियों के लिए उचित एवं गुणवत्तापूर्ण दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## आशा फैसिलिटेटर के मासिक मानदेय वृद्धि

*5 **श्रीमती शशि यादव (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि आशा और आशा फैसिलिटेटर के मासिक मानदेय वृद्धि को लेकर विभाग के साथ जो समझौता किया गया था उसे विभाग द्वारा अभीतक लागू नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त समझौता पर केंद्र सरकार से संबंधित बिंदूओं को लागू कर दिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि तकरीबन 1 (एक) लाख अतिअल्प आय वाली कामकाजी महिलाओं के मानदेय वृद्धि को अभी तक क्यों लंबित रखा गया है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभाग द्वारा किये गये समझौता एवं मानदेय बढ़ाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## चिकित्सक एवं तकनीशियन के पद पर नियुक्ति

*6 **डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मधेपुरा स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज में बड़ी संख्या में मरीज ईलाज के लिए आते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि इस मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक के कुल 232 पद के विरुद्ध मात्र 62 चिकित्सक एवं पदस्थापित 62 चिकित्सक में सिर्फ 24 प्राध्यापक है;

(ग) क्या यह सही है कि तकनीशियन के भी अधिकांश पद खाली है, फलतः आधुनिक मशीन उपलब्ध रहने के बावजूद मरीज को जॉच सुलभ नहीं है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जननायक कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज, मधेपुरा के रिक्त चिकित्सक एवं तकनीशियन के पद पर नियुक्ति का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## सीबीजी प्लांट की स्थापना

*7 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

( क) क्या यह सही है कि बिहार सरकार ने बायोफ्यूयेल की पॉलिसी 2023 की घोषणा की है ,जिसके अंतर्गत सीबीजी के स्थापना के लिए सरकार प्रोत्साहन प्रदान करती है, लेकिन यह पॉलिसी 2016 के औद्योगिक पॉलिसी से बहुत अलग नहीं है, केंद्र की सरकार ने ऊर्जा की आवश्यकता का कुछ प्रतिशत 2025 तक बायोगैस द्वारा पूरा करने की योजना का प्रस्ताव लिया है, इस क्षेत्र मे केंद्र सरकार सब्सिडी भी दे रही है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार में सीबीजी की बड़ी संभावना है और इसलिए सरकार ने यह पॉलिसी लाई है, लेकिन अभी तक बिहार में एक भी सीबीजी प्लांट स्थापित नहीं हो पाया है, जबकि देश में 50 से अधिक प्लांट लग चुके हैं और उत्पादन कर रहे हैं ,और कई राज्य सरकार केंद्र सरकार के अलावे अलग से ऐसे प्लांट के लिए सब्सिडी दे रही है ;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या राज्य सरकार के पास सीबीजी प्लांट स्थापित करने के लिए कोई कार्य योजना है ,और सरकार इसे कब तक लागू करना चाहेगी , नहीं तो क्यों ?

----

## विद्युत पोल को सीधा

*8 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं०-27 में रजिस्ट्री ऑफिस के सामने डॉ० मीरा वर्मा के आवासीय गली के कोने पर विद्युत पोल गिरने के कगार पर है, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना घटने की सम्भावना हमेशा बनी रहती है;

(ख) यदि उपर्युकत खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सार्वजनिक हित में अभिलंब उक्त विद्युत पोल को सीधा कराकर व्यवस्थित कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## अपर लोक अभियोजक की नियुक्ति

***9 श्री जीवन कुमार (शिक्षक गया):**

क्या मंत्री, **विधि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पी०पी० मैनुअल के नियमानुसार प्रत्येक लोक अभियोजक तथा अपर लोक अभियोजक की नियुक्ति 03 वर्षों तक करने का प्रावधान है ;

(ख) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला में लोक अभियोजक एवं अपर लोक अभियोजकों की नियुक्ति व कार्यकाल 03 वर्षों से अधिक हो चुकी है जो कि पी०पी० मैनुअल के नियमों का उल्लंघन है ;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पी०पी० मैनुअल के अनुरूप मधुबनी जिला में लोक अभियोजक तथा अपर लोक अभियोजक की नियुक्ति यथाशीघ्र करना चाहती है , यदि हाँ तो कब तक?

----

## केबलिंग तार की व्यवस्था

***10 श्री बिनोद कुमार जयसवाल (स्थानीय प्राधिकार, सीवान):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सिवान जिलान्तर्गत हुसैनगंज प्रखंड के खानपुर खराटी, अरिहास, रगर टोला, निगजमा, नवलपुर, हसपुरवा, खुदाई, बारी एवं नगर पंचायत गोपालपुर के उत्तरी भाग में ट्रान्सफार्मर पर अत्यधिक भार होने के कारण जर्जर तार तथा बाँस के पोल के चलते ग्रामिणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नया ट्रान्सफार्मर एवं जर्जर तार को हटाकर केबलिंग तार की व्यवस्था और नया पोल जोड़ने हेतु विचार रखती है, यदि हां तो कब तक,नहीं तो क्यों?

----

## जंघेला में हर घर नल योजना

***11 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जिला- मधुबनी, प्रखण्ड- राजनगर, पंचायत- कैथाही, ग्राम- जंघेला में हर घर नल योजना के तहत कनेक्शन लगाकर छोड़ दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि आज-तक योजना शुरू न होने के कारण ग्रामीणों को उससे एक बूंद पानी नहीं मिला है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच करा कर जंघेला में हर घर नल योजना के तहत कनेक्शन चालू कराना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## मदरसा सुदृढीकरण योजना

*12 **श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी (विधान सभा)ः**

क्या मंत्री, **अल्पसंख्यक कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के अल्पसंख्यकों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं भौतिक विकास हेतु अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण छात्रावास योजना, राज्य कोचिंग योजना, प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम, वक्फ विकास योजना, अल्पसंख्यक आवासीय विधालय योजना, मुख्यमंत्री विधार्थी प्रोत्साहन योजना तथा मदरसा सुदृढीकरण योजना संचालित है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो खंड-'क' में वर्णित योजनाओं के लिए सरकार द्वारा अलग-अलग योजना वाईज वर्ष 2015 से वर्तमान वित्तीय वर्ष तक वर्षवार कितनी-कितनी राशि का उपबंध किया गया है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## विद्यालय से तार हटाना

*13 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा)ः**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के अकबरपुर प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय पैजुना के प्रांगण से ग्यारह हजार वोल्ट का तार पार हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि राजकीय मध्य विद्यालय पैजुना के प्रांगण में कभी भी तार गिर सकता है, जिससे छात्रों के बीच खतरा होने की संभवना बनी रहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में छात्रों की सुरक्षा के लिए राजकीय मध्य विद्यालय पैजुना के प्रांगण से ग्यारह हजार वोल्ट का तार हटाना चाहती है , यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## आवसीय विद्यालयों की स्थापना

*14 **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा)ः**

क्या मंत्री, **अल्पसंख्यक कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क ) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय की स्थापना

किया गया है, जिसे चालू वर्ष से ही संचालित किया जा रहा है ;

(ख ) क्या यह सही है कि विद्यालय फ़िलहाल दरभंगा एवं किशनगंज में कार्यरत की स्थिति में है , जिसमें 9वीं क्लास से 12वीं क्लास तक रहने तथा अध्ययन करने की व्यवस्था है ;

(ग ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी जिलों में ऐसे आवसीय विद्यालयों की स्थापना कराना चाहती है , यदि हां तो कबतक ?

----

## विद्यालय के ऊपर से बिजली का तार

*15 **श्री भूषण कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिले के गोरौल प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय सोन्धो कहरटोली के ऊपर से 11000 (ग्यारह हजार) वोल्ट पावर का बिजली का तार गुजर रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में लगभग 400 बच्चे पढ़ते हैं और बिजली का तार दो बार टूटकर विद्यालय पर गिर चुका है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त तार को शिफ्ट करने के लिए प्रधानाध्यापक एवं ग्रामीणों द्वारा विद्युत कार्यपालक अभियंता के पास आवेदन दिया गया था;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के ऊपर से गुजर रहे तार हटवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का पुनर्निर्माण

*16 **श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि खगड़िया जिला अंतर्गत प्रखंड चौथम के ग्राम पंचायत नीरपुर में नीरपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र स्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि नीरपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जीर्ण-शीर्ण होने के कारण स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज नही होता है;

(ग) क्या यह सही है कि नीरपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन किसी अन्य जगह किया जा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नीरपुर उप

स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का पुनर्निर्माण तथा मरीजों के इलाज हेतु चिकित्सक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## ट्रामा सेंटर खोलने के संबंध में

*17 **श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क ) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला में कोई सरकारी ट्रामा सेंटर नही है, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्राय: हो रहे सड़क दुर्घटना में ईलाज के आभाव में आकस्मिक मरीज का मृत्यु हो जाती है ;

(ख) क्या यह सही है कि विभागीय पत्रांक 1031 (10 ) दिंनाक 05-10-23 को औरंगाबाद सिविल सर्जन से ट्रामा सेंटर खोलने हेतु विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु पत्रचार किया गया है ,फलस्वरूप सिविल सर्जन औरंगाबाद द्वारा अपने पत्रांक 282 दिंनाक-24/01/24 के द्वारा अपना प्रतिवेदन समर्पित कर दिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार औरंगाबाद जिला के राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप ट्रामा सेंटर खोलना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## नई कमिटी का गठन

*18 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **विधि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि विधि विभाग बिहार पटना के ज्ञापांक 5653 दिनांक 10.09.2024 के तहत बिहार धार्मिक न्यास पर्षद, पटना के अध्यक्ष का कार्यकाल दिनांक 27.08.2024 तक बताया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि धार्मिक न्यास पर्षद, पटना द्वारा ज्ञापांक 1760 दिनांक 23.09.2024 के तहत जमुई जिला के सोनो प्रखण्ड अन्तर्गत बाबा झुमराज मंदिर, बटिया (निबंधन संख्या 3546) का गठन किया गया है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्ड (क) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो खण्ड (ख) का गठन कैसे हो गया है, अवैध रूप से बाबा झुमराज स्थान की गठित कमिटी को भंग कर निष्पक्ष रूप से नई कमिटी का गठन कराना चाहती हैं, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ

*19 **श्री देवेश कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि एच.एम.आई.एस के नए आंकड़े के मुताबिक राज्य में बेटियों की तादाद प्रति हजार 882 रह गया है, जो वर्ष 2022-23 में 894 और 2021-22 में 914 थी जिसमें लगातार कई जिलों में बेटियों की संख्या में कमी पाई गई है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार में लिंगानुपात में महिलाओं के अनुपात में गिरावट में सुधार लाने के लिए सरकार की क्या योजना है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि बिहार में केंद्र सरकार की बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ योजना की क्या स्थिति है, राज्य सरकार इस योजना में अपनी सहभागिता कैसे दिखा पा रही हैं ?

----

## तार-पोल को हटाना

*20 **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला अंतर्गत गोपालगंज शहर के हजियापुर उप केंद्र से 11000 वोल्ट का तार और पोल गोपालगंज शहर की घनी आबादी से होकर थावे प्रखंड में गया है, जबकि थावे प्रखंड में विद्युत आपूर्ति हेतु 11000 वोल्ट का एक नई विद्युत लाइन 10 वर्ष पूर्व से क्रियाशील है ;

(ख) क्या यह सही है कि हजियापुर से थावे की ओर जाने वाली विद्युत लाइन वर्तमान में क्रियाशील नहीं है एवं फीडर के पोल एवं तार को शहर की घनी आबादी के बीच से गुजरने का कोई औचित्य नहीं है ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त विद्युत लाइन से विगत 15 वर्षों के अंदर शहर के कई वार्ड (वार्ड संख्या 10,21,22,25 एवं 26) में विद्युत स्पर्शाघात से एक दर्जन से अधिक नागरिकों की असामयिक मृत्यु हो चुकी है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित एवं जनसुरक्षा के दृष्टिकोण से हजियापुर से शहर होते हुए थावे की ओर जाने वाला अक्रियाशील फीडर के तार-पोल को हटाना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## विद्युत सब स्टेशन

*21 **श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा)ः**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरूआ प्रखंड के नगवॉ पंचायत में विद्युत सब स्टेशन नहीं होने के कारण गुरूआ प्रखंड की बड़ी आबादी को लोड शेडिंग और बिजली आपूर्ति की समस्या बनी रहती है ,

(ख) यदि उपयुक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गुरूआ प्रखंड के नगवॉ में विद्युत सब स्टेशन बनाना चाहती हैं, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पावर ग्रिड निर्माण

*22 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा)ः**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के बगहा में पावर ग्रिड का निर्माण हेतु निविदा निकाल कर उसे रद्द कर दिया गया हैं ;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पावर ग्रिड निर्माण हेतु निविदा का पुनः प्रकाशन कर पावर ग्रिड निर्माण कराना चाहती हैं, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## कर्मियों का स्थानांतरण

*23 **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण)ः**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निरूपित निर्देश के आलोक में तीन वर्षों से अधिक एक ही स्थान पर पदस्थापित कर्मियों का स्थानांतरण करने का प्रावधान है ;

(ख) क्या यह सही है कि पटना सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग के प्रशाखा - 4 में कई सहायक प्रशाखा पदाधिकारी (सहायक) कई वर्षों से एक ही प्रशाखा में जमे हुए हैं, जिससे वे स्वेच्छाचारी हो गये हैं, और मनमाने ढंग से कार्य करते हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निरूपित निर्देश के आलोक में ऐसे कर्मियों का स्थानांतरण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## अल्ट्रासाउंड मशीन बंद

*24 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला अंतर्गत रेफरल अस्पताल, तरैया में विगत पांच वर्षों से अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन बहाल नहीं होने से अल्ट्रासाउंड मशीन बंद पडीः है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल में मशीन खरीददारी कर विभाग द्वारा राशि का उठाव कर लिया गया है, जबकि सरकार द्वारा अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन बहाल नहीं करने से लाखों रुपए लागत की मशीन बंद पडी है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा से वंचित मरीजों को प्राइवेट क्लिनिक में महंगे भुगतान कर अल्ट्रासाउंड कराना पड़ रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रेफरल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन बहाल कर मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## तार की केबलिंग

*25 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत अभिमन्यू नगर जलालपुर कोथमा मोड़ से बेली रोड के बीच 33000KVM (खगौल-2) का नंगा तार अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि इतने हाईवोल्टेज का तार कई मकानों के उपर से गुजरता है;

(ग) क्या यह सही है कि नंगे तार होने की वजह से कई लोग मौत के गाल में समा गये हैं ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्ताक हैं, तो क्या सरकार नंगे तार की केबलिंग कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ

*26 **श्री घनश्याम ठाकुर(मनोनीत) :**
**श्री महेश्वर सिंह(पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ) :**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क). क्या यह सही है कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बिहार सरकार द्वारा उन सभी नागरिक को आयुष्मान हेल्थ कार्ड बनना है, जिनका National Food Security

ACT के तहत राशन कार्ड में नाम अंकित है ;

(ख). क्या यह सही है कि SHA ( State Health Agency ) बिहार के पास फरवरी 2024 तक ही NFSA से डाटाबेस अद्यतन है एवं फरवरी 2024 के बाद निर्गत राशन कार्ड में अंकित परिवार के सदस्यों का नाम आयुष्मान भारत लिस्ट में नहीं होने के कारण आयुष्मान कार्ड निर्गत नहीं हो रहा है ;

(ग). यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उन सभी नागरिक को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड निर्गत करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## फार्मासिस्ट पद पर बहाली

*27 **श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार फार्मासिस्ट संवर्ग नियमावली, 2024 में फार्मासिस्ट पदों पर बहाली हेतु डिप्लोमा इन फार्मेसी (डी.फार्मा) योग्यताधारी अभ्यर्थी के लिए अवसर दिया गया है परन्तु बी.फार्मा (बैचलर इन फार्मेसी) को इस योग्य नहीं माना गया है, जो नियमविरुद्ध है;

(ख) क्या यह सही है कि डी.फार्मा का पाठ्यक्रम दो वर्षों का एवं बी.फार्मा का तीन वर्षों का है, फिर भी विभाग की नियमावली में बी.फार्मा के अभ्यर्थियों के साथ भेदभाव किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि विभिन्न न्यायालयों के न्यायादेश द्वारा बी.फार्मा योग्यताधारी के लिए न्यायपूर्ण व्यवस्था करने के लिए सरकार को निदेशित किया गया है, परन्तु न्यायालय के आदेश की भी सरकार परवाह नहीं कर रही है;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं ,तो क्या सरकार डी.फार्मा एवं बी.फार्मा, दोनों प्रकार के योग्यताधारियों को फार्मासिस्ट पद पर बहाली हेतु पूर्व की तरह व्यवस्था जारी रखना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## रूफटॉप सोलर

*28 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क ) क्या यह सही है कि प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना से पूरे देश मे 1 करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने की योजना है और केंद्र सरकार के द्वारा सब्सिडी/वित्तीय प्रोत्साहन राशि भी दिया जा रहा है ;

(ख)क्या यह सही है कि बिहार में इस योजना से कितने घरों पर रूफटॉप सोलर प्लेट्स लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और इसकी संख्या कितनी हैं ;

(ग )क्या सरकार यह बतलाएगी कि राज्य मे अभी तक कितने वेंडर को पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों से रूफटॉप सोलर लगाने के लिए इंपेनल किया गया है ;

(घ )यदि उपयुक्त खडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या राज्य सरकार ने घरों की संख्या और वेंडरों की संख्या का लक्ष्य निर्धारित किया है, और सरकार इस योजना को कब तक पूरा कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है ?

----

## एम.डी. (बायोकेमिस्ट्री) कोर्स की अनुमति

*29 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि डॉ. सुनीति कुमारी, नेत्र सर्जन, दरभंगा मेडिकल कॉलेज, लहेरियासराय में एम.डी. (बायोकेमिस्ट्री) कोर्स करने की अनुमति हेतु MDME-सह-परीक्षा नियंत्रक से आवेदन अग्रसारित कराकर प्राचार्य कार्यालय को प्राप्त करा दी थी;

(ख) क्या यह सही है कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली ने पत्रांक – NMC/MCI-23(1) (85)/2021/Med./1046284, दिनांक-17.12.2021 के द्वारा उक्त प्राचार्य को एम.डी. (बायोकेमिस्ट्री) के तीन वर्षीय कोर्स को पुरा कराने हेतु निदेशित किया, परन्तु डॉ. सुनीति कुमारी का नामांकन नहीं हो सका;

(ग) क्या यह सही है कि प्राचार्य दरभंगा मेडिकल कॉलेज, लहेरियासराय ने ज्ञापांक-26, दिनांक 3.1.2022 द्वारा प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग से दिशा-निर्देश की मांग की गयी थी, लेकिन उक्त आशय का आज तक विभाग द्वारा दिशा निर्देश नहीं दिया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डॉ. सुनीति कुमारी, नेत्र सर्जन, दरभंगा मेडिकल कॉलेज, लहेरियासराय में एम.डी. (बायोकेमिस्ट्री) कोर्स करने की अनुमति प्रदान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## गांव में ट्रांसफॉर्मर व बिजली की सुविधा

*30 **श्री जीवन कुमार (शिक्षक गया):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत रूपपुर पंचायत एवं कैमूर प्रखंड के गोराईपुर ग्राम में पिछले 02 वर्षों से ट्रांसफॉर्मर व पोल सहित बिजली तार नहीं लगने के कारण बिजली की सुविधा नहीं है ;

(ख) क्या यह सही है कि इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा कई बार बिजली विभाग, कैमूर में आवेदन दिया गया, परंतु विभाग द्वारा इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि गांव में ट्रांसफॉर्मर न लगने के कारण ग्रामीण वासियों का जीवन बिजली के बिना अंधकारमय होने के कगार पर है एवं उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांव में ट्रांसफॉर्मर व बिजली की सुविधा यथाशीघ्र उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक ?

----

## पंचायत सरकार भवन एवं खेल मैदान पर बिजली आपूर्ति

*31 **श्री बिनोद कुमार जयसवाल (स्थानीय प्राधिकार, सीवान):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सिवान जिला के हुसैनगंज प्रखंड के पूर्वी हरीहास पंचायत के नवनिर्मित W.P.U. प्रस्तावित पंचायत सरकार भवन एवं खेल मैदान पर बिजली की व्यवस्था नहीं है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सिवान जिला के हुसैनगंज प्रखंड के पूर्वी हरीहास पंचायत के नवनिर्मित W.P.U. प्रस्तावित पंचायत सरकार भवन एवं खेल मैदान पर बिजली आपूर्ति की व्यवस्था कराने हेतु विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यो?

----

## सूद सहित मूलधन की वसूली

*32 **श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 2018 से 2022 के बीच उधमी योजना के तहत उद्योग धंधे लगाने के लिए मुजफ्फरपुर जिला के 339 व्यक्तियों को कुल 33.09 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया था ;

(ख) क्या यह सही है कि उन 339 व्यक्तियों को कर्ज की राशि सब्सिडी को छोड़कर किश्तों में चुकाना था ;

(ग) क्या यह सही है कि अभी तक 339 लाभार्थी व्यक्तियों में से किसी ने भी किस्त की राशि अदा नहीं की है, और पूरी की पूरी राशि हज्म कर लिया गया है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लाभार्थियों से सूद सहित मूलधन की वसूली करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर पदस्थापन

***33 श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्र पकरीबरावां में एक्स-रे उपकरण उपलब्ध हैं, परन्तु रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर नहीं हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि स्वास्थ्य केन्द्र पकरीबरावां में एक्स-रे नहीं होने के कारण मरीजों को प्राईवेट क्लिनीक में जाकर एक्स-रे कराना पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मरीजो के हित के लिए स्वास्थ्य केन्द्र पकरीबरावां में एक्स-रे उपकरण चालू कराने तथा रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर को पदस्थापित करना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## विधुत सब स्टेशन का निर्माण

***34 श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क ) क्या यह सही है कि पटना जिला अंतर्गत पुनपुन प्रखंड के अधिकांश हिस्सों में अभी भी विधुत सप्लाई ( फुलवारी ) कूड़ा नवादा विधुत सब स्टेशन से किया जाता है, जो फुलवारी प्रखंड में स्थित है ;

(ख ) क्या यह सही है कि कूड़ा नवादा सब स्टेशन से पोठही फीडर के सरैया , महमूदपुर मरांची ,वाउंक ,गंजपर ,जलालपुर ,नुरिचक ,नीमा ,बैसा ,अकौना , चानेडीह आदि ग्राम काफी दूरी पर होने के चलते निर्वाध विधुत सफ्लाई नहीं हो पाता है |

(ग ) यदि उपर्युकत खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उन इलाकों के लिए अलग विधुत सब स्टेशन निर्माण कराना चाहती हैं , यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सुपर विजन चार्ज से छुटकारा

*35 **श्री भूषण कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिजली का पोल किसी उपभोक्ता के निजी जमीन से शिफ्ट करने के लिए सुपर विजन चार्ज 15% लिया जाता है ;

(ख) क्या यह सही है कि सुपर विजन चार्ज एक पोल के लिए भी इतना अत्यधिक हो जाता है कि आम आदमी सुपर विजन चार्ज जमा करने में अक्षम हो जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि शिफ्टिंग में पुरानी सामग्री सरकार द्वारा जमा करा लिया जाता है, और नए सामग्री उपभोक्ता को क्रय करके लगाना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि जमा सामग्री का क्या किया जाता है, राज्य में अभी तक कितने सामग्री ( पोल, तार, इंसुलेटर व अन्य) जमा किया गया है, इस जमा सामग्री का पुनः उपयोग किया जाता है या नहीं, यदि नहीं तो क्या किया जाता है?

----

## स्वास्थ्य कर्मियों के साथ दोहरी निति

*36 **श्रीमती शशि यादव (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि केवल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत बिहार के स्वास्थ्य संविदा कर्मियों को ही मोबाइल से फेस अटेंडेंस बनाने के लिए आदेश निर्गत किया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि स्वास्थ्य विभाग दो प्रकार की नीतियां अपना रही है, जबकि रेगुलर कर्मी / चिकित्सक एवं पैरामेडिकल कर्मियों को इस तरह से अटेंडेंस बनाने से मुक्त रखा गया है, राज्य स्वस्थ्य समिति पटना के पत्रांक SHSB/GA/HR/7798/2024/1585 DATE 05/07/2024 के द्वारा यह सिर्फ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मियों-रूरल नर्सेज पर ही लागू किया जा रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि सरकार के एक ही कार्य स्थल पर कार्य करने वाले कर्मियों के साथ दोहरी निति के कारण उनके मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा हैं एवं उनके अधिकारों का हनन हो रहा हैं ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस विसंगति को दूर करना चाहती हैं , यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## औद्योगिक केन्द्र के विकास

***37 श्री देवेश कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि अमृतसर-कोलकता इंडस्ट्रीयल कोरिडोर से उद्योग जगत में क्रांति आने के पूरे आसार है ,जो बिहार के गया से होकर गुजरती है ;

(ख) क्या यह सही है कि केन्द्रीय बजट 2024-25 में गया जिला के डोभी में औद्योगिक केन्द्र के विकास के लिए चयन किया गया;

(ग)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या बिहार सरकार इस क्षेत्र को और विकसित करने के लिए तथा नई औद्योगिक आधारभूत संरचना तैयार करने के लिए कोई और योजना बनाई है ?

----

## तमुरिया स्वास्थ्य केंद्र की मरम्मति

***38 श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत लखनौर प्रखंड के तमुरिया पंचायत स्थित स्वास्थ्य केंद्र का भवन काफी पुराना और जर्जर हो गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि इस स्वास्थ्य केंद्र में जो डॉक्टर पदस्थापित हैं उन्हें तीन दिन लखनौर स्वास्थ्य केंद्र की जिम्मेदारी भी दी गई है जिससे मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केंद्र भवन की मरम्मति करते हुए डॉक्टरों को स्थाई रूप से पदस्थापित करने का विचार रखती है ?

----

## डॉक्टर का स्थानांतरण

***39 श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत अनुमंडल अस्पताल बगहा में डॉक्टर विगत 18 वर्षो से एक ही जगह पर कार्यरत है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त डॉक्टर जिनपर वित्तीय अनमियता जैसे विभागीय आरोप है उनको अतिरिक्त प्रभार देकर कार्य लिया जा रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जांच करा कर डॉक्टर का स्थानांतरण करना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## बेडों की संख्या में बढ़ोत्तरी

*40 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राजवंशीनगर, पटना स्थित एल०एन०जे०पी० हॉस्पिटल हड्डी रोग के लिए पूरे राज्य का एक विशेष हॉस्पिटल है ;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य भर से सैंकड़ों की संख्या में आने वाले रोगियों के ऑपरेशन हेतु सप्ताह के मात्र दो दिन निर्धारित है, जिस कारण उन्हें डेट मिलने में काफी लंबा इंतजार करना पड़ता है एवं बाहर जाकर ऑपरेशन कराने में ज्यादा आर्थिक दोहन होता है ;

(ग) क्या यह सही है वर्तमान में ऑपरेशन थिएटर में उपलब्ध दो बेडों में एक बेड क्षतिग्रस्त है एवं इस्तेमाल के लिए उपयुक्त नहीं है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एल०एन०जे०पी० अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर में बेडों की संख्या में बढ़ोत्तरी एवं ऑपरेशन हेतु सप्ताह के सातों दिन निर्धारित करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## नया कमिटी का गठन

*41 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **विधि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री , विधि विभाग यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिले के कपिलेश्वर न्यास समिति का गठन जिला पदाधिकारी मधुबनी के अनुशंसा के आधार पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के पत्रांक 3301 दिनांक 04-01-2024 द्वारा किया गया था,

(ख) क्या यह सही है कि जिला पदाधिकारी मधुबनी के पत्रांक-1728/जि० रा० दिनांक 06-07-24 के द्वारा अध्यक्ष को संबोधित पत्र में कमिटी अल्पमत होने की सूचना दी गई है, जिसे भंग कर नई कमिटी गठन हेतु आदेश की मांग की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि जिला पदाधिकारी मधुबनी के द्वारा वर्तमान में कार्यरत समिति के चयन गलत तरीके से होने की बात स्वीकार करते हुए भंग करने के लिए अनुमोदन कि मांग की गई है;

(घ) क्या यह सही है कि वर्तमान स्थिति में अध्यक्ष सह अंचल अधिकारी के साथ-साथ पांच अन्य समिति के सदस्य ने जाँच प्रतिवेदन के साथ कमिटी भंग करने हेतु अपना प्रस्ताव जिला पदाधिकारी मधुबनी के माध्यम से धार्मिक न्यास परिषद को भिजवाया है;

(ङ) यदि उपरोक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला पदाधिकारी, मधुबनी के प्रतिवेदन को अनुमोदन कर मंदिर प्रबंधन के हित में वर्तमान प्रबंधन कमिटी को भंग कर नया कमिटी का गठन करवाना चाहती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र की दुकान

*42 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क). क्या यह सही है कि पटना जिलार्न्तगत दानापुर अनुमंडल अस्पताल परिसर में या उसके आस-पास एक भी प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का दुकान नही रहने के कारण स्थानीय लोगों को ऊंचे दाम पर दवाईयां खरीदनी पड़ती हैं ;

(ख). यदि उपयुक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सार्वजनिक हित में दानापुर अनुमंडल अस्पताल परिसर में या उसके आस-पास के क्षेत्र में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र की दुकान खुलवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## नाले के पानी का निराकरण

*43 **श्री भूषण कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र के लक्ष्मी कोल्ड स्टोर के कॉर्नर वास्तु विहार के तरफ आम लोगों के जमीन में नाला का पानी खुले में छोड़ दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि औद्योगिक क्षेत्र के नाला का पानी खुले में बहने के कारण आम लोगों को तथा पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस नाले के पानी का निराकरण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## आई.सी.यू. बेड की संख्या में वृद्धि

***44 श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत मुख्यालय में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, बेतिया में आई.सी.यू. बेड की संख्या मात्र 12 है जो बेतिया, पुलिस जिला बगहा एवं निकटवर्ती नेपाल क्षेत्र को सेवा देने के लिए अत्यंत कम पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि इतनी बड़ी आबादी के अनुपात में इस मेडिकल कॉलेज में आई.सी.यू. बेड और संबंधित आधारभूत संरचना में कमी के कारण अधिकांश रोगियों को या तो कहीं दूसरे अस्पताल में रेफर करना होता है या इलाज के अभाव में उनकी मृत्यु हो जाती है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस अस्पताल में आई.सी.यू. बेड की संख्या में पर्याप्त वृद्धि करने, आधारभूत संरचना में विकास करने और बच्चों के लिए पिकू वार्ड में आई.सी.यू. बेड की संख्या में वृद्धि करना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

## एनओसी क्लीयरेंस

***45 श्री देवेश कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सरकार को उद्योग के लिए 5600 एकड़ जमीन चाहिए, लेकिन उद्योग विभाग के पास मात्र 1500 एकड निवेश लाइक लैंड बैंक है, जिसके कारण बिहार में 9,593 करोड़ के प्रोजेक्ट के लिए इंवेस्टर्स इंतजार कर रहे है और अगर इंवेस्टर्स दूसरे राज्य की ओर रुख करेंगे तो बिहार में 6 लाख रोजगार पर संकट आ जायेगा;

(ख) क्या यह सही है कि उद्योग विभाग के अंतर्गत अधिकांशतः छोटे छोटे टुकडे में जमीन है, जिसमें 20 से 50 कामगार शुरू किये जा सकते है, उद्योग विभाग इन छोटे-छोटे भू-भाग पर फाइनेंस एन.ओ.सी. की क्लियरेंस के लिए त्वरित निदान के लिये कोई योजना बनाई है , जिससे 9593 करोड़ रुपए की फाइनेंस क्लीयरेंस एनओसी इंतजार समाप्त किया जा सके ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार में उद्योगों के विकास के लिए इंतजार कर रहे इंवेस्टर्स को मांग के अनुरूप जमीन मुहैया कराते हुए एनओसी क्लीयरेंस देने पर विचार करती हैं, यदि हां तो कबतक ?

----

## सहायक को अविलंब बर्खास्त

***46 श्री जीवन कुमार (शिक्षक गया):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि चिकित्सा अधीक्षक, सी०एच०सी०, राजेन्द्र नगर, पटना को उन्हीं के प्रकोष्ठ में प्रखंड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक पी.एच.सी. बिहटा सम्प्रति अवैध प्रतिनियुक्त सी०एच०सी०, राजेन्द्र नगर, पटना द्वारा गाली-गलौज एवं अभद्र व्यवहार किया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि चिकित्सा अधीक्षक, सी०एच०सी०, राजेन्द्र नगर, पटना के पत्रांक 643 दिनांक 04.11.2024 द्वारा इसकी लिखित शिकायत सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव, जिला स्वा० समिति पटना, जिलाधिकारी पटना एवं कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वा० समिति बिहार, पटना को दी गई है ;

(ग) क्या यह सही है कि इतने गंभीर एवं संवेदनशील मामले पर खंड 'ख' में वर्णित पदाधिकारियों द्वारा खंड 'क' में वर्णित सहायक पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं ,तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित सहायक को अविलंब बर्खास्त करते हुए उनके उपर F.I.R. दर्ज कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## अनुमंडलीय अस्पताल का निर्माण

***47 श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला अन्तर्गत नीमचक बथानी अनुमंडलीय अस्पताल की इमारत बिल्कुल जर्जर अवस्था में है जिससे किसी भी समय दुर्घटना होने का डर बना रहता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्त्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडलीय अस्पताल की इमारत का नया निर्माण कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## रिक्त पदों पर बहाली

***48 श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के कदमकुआँ स्थित राजकीय तिब्बी कालेज एवं

अस्पताल के विकास के लिए सरकार प्रयासरत है ;

(ख) क्या यह सही है कि इस अस्पताल में वर्षों से 82 से अधिक शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सीटें रिक्त पड़ी हुई हैं ;

(ग)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक रिक्त पदों पर बहाली करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

**पटना- 800015.** | **अखिलेश कुमार झा,**
**26 नवम्बर, 2024.** | **सचिव, बिहार विधान परिषद्**